Adda247

GET IT ON Google Play

# UPPSC प्रति उपविद्यालय निरीक्षक (SDI) परीक्षा 2003

## सामान्य अध्ययन

### व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 15-11-2005)

1. गाँधी जी ने डांडी मार्च प्रारम्भ किया–
   (a) अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए कहने हेतु
   (b) नमक कानून तोड़ने के लिए
   (c) विदेशी सामानों के बहिष्कार हेतु
   (d) हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए

**Ans. (b) :** कांग्रेस की कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 1929 में लाहौर में हुई बैठक में गांधी जी को अधिकार दिया गया कि वह आन्दोलन छेड़ें। इसी के तहत गाँधी जी ने अपनी 11 सूत्री माँग लार्ड इर्विन के समक्ष रखी। माँग अस्वीकार होने पर गांधी जी 12 मार्च को अपने 78 सहयोगियों के साथ साबरमती आश्रम से 240 मील दूर डांडी तक मार्च किया। डांडी पहुँच कर उन्होंने एक केतली में पानी गर्म करके प्रतीक स्वरूप नमक कानून को तोड़ा। डांडी (नौसारी) गुजरात में समुद्र के किनारे स्थित एक स्थान है। यात्रा में कुल 24 दिन लगे थे। 6 अप्रैल, 1930 को सांकेतिक रूप से नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन का आरंभ किया।

2. प्रसिद्ध गीत "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा" की रचना किसने की?
   (a) साहिर लुधियानवी ने
   (b) सर सैयद अहमद खाँ ने
   (c) सर मुहम्मद इकबाल ने
   (d) बहादुरशाह जफर ने

**Ans. (c) :** प्रसिद्ध गीत "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा" की रचना सर मुहम्मद इकबाल ने की थी। राष्ट्रवादी कवि इकबाल की प्रमुख रचनाएँ 'बंग-ए-दरा' एवं 'नया शिवाला' आदि है।

3. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन दिया-
   (a) वैशाली में
   (b) बोधगया में
   (c) राजगृह में
   (d) सारनाथ में

**Ans. (d) :** गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी वन (आधुनिक रुमिन्देह नामक स्थान) में हुआ था। ये शाक्य कुल के राजा ... के पुत्र थे। 29 वर्ष की आयु में घर छोड़कर संन्यासी बनने चले गए। कठिन तपस्या के बाद 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा के दिन पीपल पेड़ के नीचे बोधगया में इनको ज्ञान प्राप्त हुआ। वहाँ से सारनाथ गए और वहाँ अपना पहला उपदेश दिया, जिसे 'धर्मचक्रप्रवर्तन' की संज्ञा दी गई।

4. कालिदास की किस रचना में कार्तिकेय के जन्म का वर्णन है?
   (a) किरातार्जुनीय
   (b) शिशुपाल वध
   (c) कुमार सम्भव
   (d) नैषध चरित

**Ans. (c) :** कालिदास की रचना 'कुमार सम्भव' में भगवान कार्तिकेय के जन्म का वर्णन है। 'कुमार सम्भव' में 17 सर्ग है जिसमें कार्तिकेय के जन्म के अतिरिक्त प्रकृति-चित्रण भी किया है। किरातार्जुनीय भारवि की रचना है जिसमें भगवान शंकर किरात (जंगली धनुर्धर) के रूप में अर्जुन (पाण्डव) की परीक्षा लेने का वर्णन किया गया है तथा श्री हर्ष ने नैषध चरित को लिखा है।

5. नीचे दिये गये कथनों पर विचार कीजिए :
   कथन (A) : केन्द्रीय विधानसभा के लिए 1946 के निर्वाचन में कांग्रेस ने सभी नान-मुस्लिम सीटें जीती।
   कारण (R) : ब्रिटिशर्स का उद्देश्य साम्प्रदायिक विभाजन था और इसीलिए उन्होंने मुसलमानों के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया।
   नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :
   कूट :
   (a) A और R दोनों सही हैं तथा R सही स्पष्टीकरण है A का
   (b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R सही स्पष्टीकरण नहीं है A का
   (c) A सही है परन्तु R गलत है
   (d) A गलत है परन्तु R सही है

**Ans. (d) :** केन्द्रीय विधानसभा के लिए 1946 के निर्वाचन में कांग्रेस ने सभी नान-मुस्लिम सीटें जीती थी। यह कथन असत्य है क्योंकि अन्य दलों ने भी अधिक संख्या में विजय प्राप्त की थी। यह सत्य है कि ब्रिटिशर्स का उद्देश्य साम्प्रदायिक विभाजन था और इसीलिए उन्होंने मुसलमानों के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया। जिसके मूल उद्देश्य में था 'बांटो और राज्य करो।' अंग्रेजों की चाल बाद में बहुत सफल नहीं रही।

6. सिन्धुघाटी सभ्यता की विकसित अवस्था में निम्नलिखित में से किस स्थल में घरों में कुंओं के अवशेष मिले हैं?
   (a) हड़प्पा
   (b) कालीबंगा
   (c) लोथल
   (d) मोहनजोदड़ो

**Ans. (d) :** सिंधु सभ्यता की विकसित अवस्था में मोहनजोदड़ो में कुँओं के अवशेष मिले है। मोहनजोदड़ो में सामान्यतः प्रत्येक मकान में कुँआ होता था। हड़प्पा में 6 कुएं पाए गए और चन्हुदड़ो में मात्र दो कुएं ही थे। सैन्धव नगरों के स्थापत्य में पकी ईंटों का प्रयोग हुआ है, इन ईंटों की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई का अनुपात क्रमशः 4 : 2 : 1 के अनुपात में मिला है। हड़प्पा के विकसित नगरों में मोहनजोदड़ो की खोज 1921-22 ई. में राखलदास बनर्जी द्वारा की गई।

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247

GET IT ON Google Play

7. निम्नांकित में कौन सा युग्म सुमेलित है?

(a) पालीताना (गुजरात) – प्राचीन श्वेताम्बर जैन मन्दिर
(b) कोणार्क (उड़ीसा) – सुप्रसिद्ध गोमतेश्वर की मूर्ति
(c) अंकलेश्वर (गुजरात) – सुप्रसिद्ध सूर्य मन्दिर
(d) श्रवण बेलगोला (कर्नाटक) – प्राचीन बौद्ध गुफायें

**Ans. (a) :** पालीताना (गुजरात) में प्राचीन श्वेताम्बर जैन मन्दिर स्थित है। प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर, कोणार्क (उड़ीसा) में स्थित है। इसका निर्माण गंगवंशीय राजाओं ने करवाया था। सुप्रसिद्ध गोमतेश्वर की मूर्ति श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में अवस्थित है। गोमतेश्वर का सम्बन्ध जैन सम्प्रदाय से है। ऐसा माना जाता है कि गंगवंशीय राजा नरसिंह देव की रुचि स्थापत्य कला में अधिक थी।

8. किसने कहा था, ''डोडो की भांति साम्राज्यवाद दिवंगत हो चुका है''

(a) रैम्जे मैकडोनाल्ड (b) विन्स्टन चर्चिल
(c) क्लीमेन्ट एटली (d) लार्ड वैवेल

**Ans. (c) :** 20 फरवरी, 1947 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने घोषणा की कि वह जून, 1948 तक भारत को छोड़ देंगे। इस घोषणा को प्रभावी रूप देने के लिए लार्ड माउंटबेटन को गवर्नर जनरल बनाकर भारत भेजा गया। इसी समय क्लीमेन्ट एटली ने कहा कि ''डोडो की भांति साम्राज्यवाद दिवंगत हो चुका है।''

9. किसको भारतीय स्वतंत्रता क्रान्ति की जननी कहा जाता है?

(a) भीकाजी कामा
(b) सरोजिनी नायडू
(c) एनी बेसेन्ट
(d) विजयलक्ष्मी पंडित

**Ans. (a) :** भारतीय मूल की पारसी नागरिक मैडम भीकाजीकामा का जन्म बम्बई में हुआ था। इनको भारतीय स्वतंत्रता क्रान्ति की जननी भी कहा जाता है। यह एक क्रान्तिकारी महिला थी जिन्होंने विदेश में रहकर भारतीय क्रान्तिकारियों की भरपूर मदद की थी। मैडम कामा ने बन्देमातरम् और मदन तलवार नामक दो क्रान्तिकारी पत्रों का प्रकाशन किया था। इन्होंने 22 अगस्त 1907 ई. को स्टुटगार्ड में भारत का प्रथम तिरंगा फहराया था।

10. 1940 के रामगढ़ कांग्रेस की अध्यक्षता किसने की थी?

(a) जे.बी. कृपलानी
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) सैय्यद महमूद
(d) शौकत अली

**Ans. (b) :** स्वतन्त्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम का जन्म मक्का में हुआ था। ये भाषाविद्, शिक्षाविद् तथा क्रान्तिकारी पत्रकार थे। हिन्दू-मुस्लिम एकता के मसीहा अबुल कलाम आजाद की पत्रिका ''अल हिलाल'' तथा प्रमुख रचना ''इण्डिया विन्स फ्रीडम'' थी। ये 1940–1945 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के पद पर रहे।

11. किसने कांग्रेस के विरूद्ध ''अनुनय, विनय एवं विरोध'' की राजनीति करने का दोष लगाया?

(a) बी.जी. तिलक ने (b) एम.ए. जिन्ना ने
(c) एस.सी. बोस ने (d) एनी बेसेन्ट ने

**Ans. (a) :** भारत के बेताज बादशाह तथा हिन्दू राष्ट्रवाद के पिता जैसी उपाधियों से विभूषित बाल गंगाधर तिलक का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। तिलक का यह विचार था कि ''भारत की राजनीतिक मुक्ति अनुनय एवं विनय और निवेदनों से न होकर दृढ़ कथन एवं प्रत्यक्ष कार्यवाही से ही सम्भव है। अतः राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़ना पड़ेगा।

12. ''एक वर्ष के अन्तर्गत स्वराज की प्राप्ति'' किस आन्दोलन का लक्ष्य था?

(a) खिलाफत आन्दोलन (b) गृह शासन आन्दोलन
(c) असहयोग आन्दोलन (d) भारत छोड़ो आन्दोलन

**Ans. (c) :** 1920 ई. के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन की अध्यक्षता सी. विजयराघवाचारी ने किया था। अधिवेशन में असहयोग आन्दोलन पारित हुआ। गांधी जी ने 5 नवम्बर 1920 ई. को ऑल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में यह घोषणा की कि ''एक वर्ष में स्वराज की घोषणा'' होगी। गांधी जी द्वारा चलाया गया प्रथम जन आन्दोलन असहयोग आन्दोलन था।

13. ''हम फिलहाल संविधान निर्मात्री सभा में जाने के निर्णय के अलावा अन्य किसी बात से बंधे नहीं है'' उपर्युक्त कथन है

(a) मौलाना आजाद का (b) जवाहर लाल नेहरू का
(c) एम.ए. जिन्ना का (d) सरदार पटेल का

**Ans. (b) :** स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं प्रधानमंत्री के पद पर सबसे अधिक दिनों तक रहने वाले पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि ''हम फिलहाल संविधान निर्मात्री सभा में जाने के निर्णय के अलावा अन्य किसी बात से बंधे नहीं है।'' पण्डित जवाहर लाल नेहरू के पुस्तक का नाम डिस्कवरी ऑफ इण्डिया है।

14. किस आन्दोलन में वन्दे मातरम् भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का शीर्ष गीत बना?

(a) स्वदेशी आन्दोलन (b) चम्पारण आन्दोलन
(c) असहयोग आन्दोलन (d) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

**Ans. (a) :** बंगाल विभाजन के पश्चात उपजे स्वदेशी आन्दोलन के दौरान ही वन्दे मातरम् भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का शीर्ष गीत बना।

15. खादी के स्वतन्त्रता की वर्दी किसने कहा?

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहर लाल नेहरू
(c) सरदार पटेल (d) सुभाष चन्द्र बोस

**Ans. (a) :** राष्ट्रपिता के नाम से प्रसिद्ध और भारत को आजादी दिलाने में प्रमुख योगदान देने वाले गांधी जी ने खादी को स्वतन्त्रता की वर्दी कहा। इसी के उत्प्रेरणा स्वरूप 1923 ई. में खादी बोर्ड की स्थापना की गयी। इसकी स्थापना काकीनाड़ा कांग्रेस सम्मेलन में हुआ। 1926 ई. में हुए कांग्रेस के गुवाहाटी सम्मेलन में पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए खादी पहनना अनिवार्य कर दिया गया।

Adda247

GET IT ON Google Play

16. **निम्न में किस आन्दोलन में गाँधी जी सम्बन्धित नहीं थे?**
(a) होम रूल आन्दोलन
(b) असहयोग आन्दोलन
(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(d) भारत छोड़ो आन्दोलन

**Ans. (a) :** गांधी होमरूल आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं थे। होमरूल आन्दोलन एनी बेसेन्ट और बाल गंगाधर तिलक ने मिलकर 1916 ई. में चलाया था। इस आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य-ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन रहते हुए संवैधानिक तरीकों से स्वशासन को प्राप्त करना।

17. **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्नलिखित अधिवेशनों में से किस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक ने कहा था, "स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूंगा"**
(a) लखनऊ अधिवेशन, 1916
(b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
(c) बनारस अधिवेशन, 1905
(d) सूरत अधिवेशन, 1907

**Ans. (a) :** कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन का ऐतिहासिक महत्व इस बात में था कि इसमें कांग्रेस के नरमपंथी एवं गरमपंथी दलों का सम्मिलन हुआ तथा मुस्लिम लीग एवं कांग्रेस में समझौता हुआ। बाल गंगाधर तिलक भी इस सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इसी सम्मेलन में तिलक ने कहा कि- "स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है हम इसे लेकर रहेंगे।"

18. **नीचे घटनाक्रमों की सूची दी गयी है। उन्हें तिथि के अनुसार क्रमबद्ध कीजिए।**
**1. बंग भंग का निर्णय।**
**2. स्वराज को कांग्रेस का उद्देश्य स्वीकार करना।**
**3. स्वदेशी आन्दोलन की औपचारिक घोषणा।**
**4. सूरत-फूट।**
**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :**
**कूट :**
(a) 1, 3, 4, 2
(b) 1, 3, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 1, 2, 4, 3

**Ans. (b) :** बंग भंग का निर्णय 19 जुलाई 1905 को आम जनता के सामने रखा गया। 20 जुलाई को विभाजन की घोषणा कर दी गयी 16 अक्टूबर को विभाजन लागू हो गया। 7 अगस्त 1905 को स्वदेशी और बहिष्कार की घोषणा कलकत्ता के टाउन हाल से किया गया। 1906 ई. में स्वराज राष्ट्रीय आन्दोलन का लक्ष्य घोषित किया गया। 1907 ई. में कांग्रेस का नरम दल और गरम दल में विभाजन हुआ।

19. **सूची-I (समाचारपत्र) को सूची-II (सम्पादक) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I (समाचारपत्र) | सूची-II (सम्पादक) |
|---|---|
| A. समाचार दर्पण | 1. राममोहन राय |
| B. मिरात उल अखबार | 2. बी.जी. तिलक |
| C. केसरी | 3. महात्मा गाँधी |
| D. यंग इन्डिया | 4. मार्शमैन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**Ans. (d) :** समाचार दर्पण के लेखक प्रख्यात ब्रिटिश पत्रकार मार्शमैन थे। मिरातुल अखबार के लेखक भारत के महान समाज सुधारक राजा राम मोहन राय थे। इनको भारत के नवजागरण का अग्रदूत भी कहा जाता है। केसरी के लेखक बाल गंगाधर तिलक थे इनको भारतीय अशांति का जनक चिरोल ने कहा था। यंग इण्डिया के लेखक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी थे।

20. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचि के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उ का चयन कीजिये:**

| सूची-I (मौलिक अधिकार) | सूची-II (भारतीय संविधान के अनुच्छेद) |
|---|---|
| A. समता का अधिकार | 1. अनुच्छेद 14, 18 |
| B. वाक् स्वातंत्र्य अधिकार | 2. अनुच्छेद 25 |
| C. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार | 3. अनुच्छेद 32 |
| D. सांविधानिक उपचारों का अधिकार | 4. अनुच्छेद 19 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 5 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 5 | 4 |

**Ans. (c) :** समता का अधिकार भारतीय संविधान के भ अनुच्छेद 14 से 18 के बीच उल्लेख किया गया है। वाक् स्व का अधिकार अनुच्छेद 19 में किया गया है। धर्म की स्वतन्त्र अधिकार अनुच्छेद 25 में किया गया है। संवैधानिक उपचा अधिकार का उल्लेख अनुच्छेद 32 में किया गया है।

21. **भारत के संविधान में अन्तर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्ष प्रोत्साहन देना सन्निहित है**
(a) संविधान की प्रस्तावना में
(b) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों में
(c) मौलिक कर्तव्यों में
(d) नवम अनुसूची में

**Ans. (b) :** राज्य के नीति निर्देशक तत्व का उल्लेख संवि भाग-4 में अनुच्छेद 36–51 तक किया गया है, इसकी आयरलैण्ड के संविधान से मिली है परंतु इसे न्यायालय द्वा नहीं किया जा सकता, अर्थात इसे वैधानिक शक्ति प्राप्त न अनुच्छेद-51 में अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि है

Adda247
GET IT ON Google Play

22. पंचायती राज की अनुशंसा की गयी
(a) 1935 के भारत सरकार अधिनियम द्वारा
(b) 1942 के क्रिप्स मिशन द्वारा
(c) 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम द्वारा
(d) बलवन्त राय मेहता समिति रिपोर्ट 1957

**Ans. (d) :** लार्ड रिपन का 1882 ई. का संकल्प स्थानीय स्वशासन के लिए मैग्नाकार्टा का हैसियत रखता है। स्थानीय स्वशासन से ही पंचायती राज का जन्म हुआ। सर्वप्रथम पंचायती राज की अनुशंसा 1957 ई. में बलवन्त राय मेहता समिति ने की थी। पंचायती राज का शुभारंभ स्वतंत्र भारत में 2 अक्टूबर, 1959 ई. को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले से किया था।

23. निम्न वक्तव्यों पर विचार कीजिये:
**कथन (A) :** भारतीय नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करने में उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय की अपेक्षा बढ़िया स्थिति में हैं।
**कारण (R) :** सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए ही परमादेश जारी कर सकता है।
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :**
**कूट:**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

**Ans. (a) :** भारतीय नागरिकता के अधिकारों को संरक्षित करने में उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय भी अपेक्षा बढ़िया स्थिति में है। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए ही परमादेश जारी कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय को भारतीय संविधान का रक्षक कहा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय का उल्लेख अनुच्छेद-124 में किया गया है जबकि उच्च न्यायालय का उल्लेख अनुच्छेद-214 में किया गया है। अनुच्छेद 32 के तहत जहाँ सर्वोच्च न्यायालय मूल अधिकारों के संबंध में रिट जारी करने की अधिकारिता है वहीं उच्च न्यायालय अनुच्छेद 226 के तहत मूल अधिकार के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी रिट जारी कर सकता है।

24. पंचायतीराज का मुख्य उद्देश्य है
(a) कृषि उत्पादन को बढ़ाना
(b) रोजगार सृजित को बढ़ाना
(c) जनता को राजनैतिक रूप से जागरूक बनाना
(d) जनता को विकासमूलक प्रशासन में भागीदारी के योग्य बनाना

**Ans. (d) :** पंचायती राज एक दर्शन और विचारधारा है। पंचायती राज शासन सत्ता को आम लोगों तक पहुंचाने का एक साधन है। अर्थात् यह सहभागी लोकतन्त्र का पर्याय है। 1957 ई. में बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश के बाद पहली बार 2 अक्टूबर 1959 ई. को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज लागू किया गया।

25. निम्नलिखित में से किसे संसद के दोनों सदनों में बोलने, अन्य कार्यवाहियों में सम्मिलित होने एवं किसी भी संसदीय समिति का सदस्य होने का अधिकार तो है परन्तु उनमें वोट देने का अधिकार नहीं है?
(a) भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक को
(b) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को
(c) भारत के वित्त आयोग के अध्यक्ष को
(d) भारत के महान्यायवादी को

**Ans. (d) :** भारत के महान्यायवादी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 में है। महान्यायवादी को संसद के दोनों सदनों में बोलने, कार्यवाहियों में भाग लेने एवं किसी भी संसदीय समित्ति का सदस्य बनने का अधिकार है किंतु मत देने का अधिकार नहीं है महान्यायवादी (अटार्नी जनरल) की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है।

26. अक्टूबर 1, 2004 से भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद कोष अनुपात को बढ़ाकर कर दिया है
(a) 4.5% (b) 5.0%
(c) 5.5% (d) 6.0%

**Ans. (b) :** अक्टूबर 1, 2004 में भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद कोष अनुपात को बढ़ाकर 5.0% कर दिया था। वर्तमान में यह दर 4% है। नकद कोष अनुपात एक निश्चित अनुपात में होता है जिस अनुपात में बैंकों को अपने पास उपलब्ध नकदी का कुछ हिस्सा केन्द्रीय बैंक के पास जमा रखना पड़ता है।

27. भारत में मुद्रास्फीति की माप होती है
(a) औद्योगिक कर्मकरों हेतु उपभोक्ता कीमत सूचकांक द्वारा
(b) कृषि कर्मकरों हेतु उपभोक्ता कीमत सूचकांक द्वारा
(c) फुटकर कीमत सूचकांक द्वारा
(d) थोक कीमत सूचकांक द्वारा

**Ans. (d) :** भारत में मुद्रास्फीति की माप थोक कीमत सूचकांक द्वारा होती है। मुद्रास्फीति वह स्थिति है जिसमें कीमत स्तर में वृद्धि होती है तथा मुद्रा का मूल्य गिरता है। यानी मुद्रास्फीति वह अवस्था है जब वस्तुओं की उपलब्ध मात्रा की तुलना में मुद्रा तथा साख की मात्रा में अधिक वृद्धि होती है और परिणामस्वरूप मूल्य स्तर में निरन्तर व महत्त्वपूर्ण वृद्धि होती है।

28. लखनऊ योजना का सम्बन्ध है
(a) विद्युत के विकास से
(b) आवास के विकास से
(c) सड़क के विकास से
(d) स्वास्थ्य के विकास से

**Ans. (c) :** लखनऊ योजना का सम्बन्ध सड़क विकास (परिवहन) से है। राजधानी की सड़कों को चौड़ा करना तथा इसको मरम्मत करने हेतु इस योजना को लागू किया गया था। यह योजना भारतीय कांग्रेस द्वारा 1981 में लागू किया गया था तथा यह योजना 20 वर्षों के लिए प्रोजेक्ट रूप में थी।

29. भारत की दसवीं पंचवर्षीय योजना में औद्योगिक उत्पादन की औसत वार्षिक संवृद्धि की लक्ष्य दर है
(a) 7% (b) 8%
(c) 9% (d) 10%

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (c) :** 10वीं पंचवर्षीय योजना

| | लक्ष्य | प्राप्ति |
|---|---|---|
| कृषि | 4% | 2.30% |
| उद्योग | 8.90% | 9.17% |
| सेवा | 9.40% | 9.30% |
| औसत वार्षिक वृद्धि | 7.9% | 7.74% |

**30. संघ सरकार के 2004–2005 के बजट के अनुसार वर्ष 2003–2004 के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत मदों पर सहायिका की राशि निम्नलिखित में से किस एक सीमा में थी?**

(a) रु. 8,000–12,000 करोड़
(b) रु. 15,000–20,000 करोड़
(c) रु. 25,000–30,000 करोड़
(d) रु. 32,000–36,000 करोड़

**Ans. (c) :** संघ सरकार के 2004-2005 के बजट के अनुसार वर्ष 2003-2004 के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत मदों पर सहायिका की राशि 25,000-30,000 करोड़ थी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली एक भारतीय खाद्य सुरक्षा प्रणाली है। भारत में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन तथा भारत सरकार द्वारा स्थापित और राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से भारत के गरीबों के लिए सब्सिडी वाले खाद्य और गैर खाद्य वस्तुओं को वितरित करता है। बजट 2019–20 में कुल 338949.5 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रस्तावित है, जो सकल व्यय का लगभग 12% है। कुल सब्सिडी में 54.4% खाद्य सब्सिडी का हिस्सा है।

**31. किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी हटाओ रखा गया?**

(a) पांचवी पंचवर्षीय योजना
(b) छठवीं पंचवर्षीय योजना
(c) चौथी पंचवर्षीय योजना
(d) सातवीं पंचवर्षीय योजना

**Ans : (a)** पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) का मुख्य उद्देश्य गरीबी हटाओ था। पहली बार गरीबी-उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। इस योजना में विकास का लक्ष्य 4.4% वार्षिक वृद्धि दर रखा गया। सफलतापूर्वक 4.8% की वार्षिक वृद्धि दर प्राप्त की गई।

**32. पारिस्थितिकीय तंत्र में एक टिकाऊ जैव समूह कहलाता है**

(a) इकोटोन (b) सक्सेशन
(c) क्लाइमेक्स (d) सिरल

**Ans : (c)** पारिस्थितिकीय तंत्र में एक टिकाऊ जैव समूह क्लाइमेक्स कहलाता है। पारिस्थितिकीय तंत्र एक प्राकृतिक इकाई है जिसमें एक क्षेत्र विशेष के सभी जीवधारी, अर्थात् पौधे, जानवर और अणु, जीव शामिल है जो कि अपने अजैव पर्यावरण के साथ अंतःक्रिया करके एक सम्पूर्ण इकाई बनाते हैं।

**33. निम्नांकित देशों में किसमें मुसलमानों की जनसंख्या सबसे अधिक है?**

(a) बांग्लादेश (b) इंडोनेशिया
(c) पाकिस्तान (d) ईरान

**Ans : (b)** इंडोनेशिया दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित एक विशाल देश है। इसकी जनसंख्या लगभग 40 करोड़ है। यह दुनिया का चौथा सबसे अधिक आबादी और दुनिया में सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है। इसकी राजधानी जकार्ता तथा मुद्रा रूपिया है। ईरान की राजधानी तेहरान तथा बांग्लादेश की राजधानी ढाका है।

**34. 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नांकित में कौन भारत का सर्वाधिक घना बसा राज्य है?**

(a) बिहार (b) केरल
(c) पश्चिम बंगाल (d) उत्तर प्रदेश

**Ans : (c)** जनगणना 2001 के अनुसार सबसे घना बसा राज्य पश्चिम बंगाल था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार राज्य भारत का सबसे घना बसा राज्य है तथा सबसे कम घना बसा राज्य अरूणांचल प्रदेश है। केन्द्रशासित प्रदेशों में 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक घना बसा केन्द्रशासित राज्य दिल्ली तथा सबसे कम घना बसा केन्द्रशासित राज्य अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह है।

**35. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की एक रिपोर्ट के अनुसार एक भूरे रंग की धुन्ध अथवा एशियाई भूरे रंग का बादल, जो एशिया 10 मिलियन वर्ग कि.मी. आकाश पर आच्छादित है, तबाही मचा सकता है**

(a) वर्षा के स्वरूप में
(b) अनाज उत्पादन में
(c) मानवीय स्वास्थ्य के क्षेत्र में
(d) उपर्युक्त तीनों में

**Ans : (d)** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की एंक रिपोर्ट के अनुसार एक भूरे रंग की धुन्ध अथवा एशियाई भूरे रंग का बादल, जो एशिया के 10 मिलियन वर्ग किमी. आकाश पर आच्छादित है, वर्षा के रूप में, अनाज उत्पादन में तथा मानवीय स्वास्थ्य के क्षेत्र में तबाही मचा सकता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की स्थापना वर्ष 1972 में की गई थी। इसका मुख्यालय केन्या की राजधानी नैरोबी में है।

**36. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित है?**

(a) हैम्बर्ग - एल्ब नदी
(b) बेलग्रेड - सीन नदी
(c) कीव - डान नदी
(d) लाहौर - सतलुज नदी

**Ans : (a)** हैम्बर्ग जर्मनी का एक शहर है जो एल्ब नदी के किनारे स्थित है। बेलग्रेड सर्बिया की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। यह सावा और डेन्यूब नदियों के संगम तथा पनोनियन मैदान और बाल्कन प्रायद्वीप के चौराहे पर स्थित है। कीव यूक्रेन की राजधानी है जो नीपर नदी के किनारे स्थित है। लाहौर रावी नदी के किनारे स्थित है।

**37. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

Adda247
GET IT ON Google Play

| सूची I (द्वीप) | | सूची II (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| A. बेयंत शयोधर | | 1. काठियावाड़ तट |
| B. पिरम | | 2. अरब सागर तट |
| C. द्वारका | | 3. कच्छ की खाड़ी |
| D. दीव | | 4. खंभात की खाड़ी |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**Ans : (d)** सही सुमेलित है

सूची-I (द्वीप) — सूची-II (अवस्थिति)

(a) बेयंत शयोधर → खंभात की खाड़ी
(b) पिरम → कच्छ की खाड़ी
(c) द्वारका → काठियावाड़ तट
(d) दीव → अरब सागर तट

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा सही समेलित है?

(a) आर्द्र शीत ऋतु, शुष्क ग्रीष्म ऋतु - इटली
(b) वर्ष भर आर्द्र - सूडान
(c) आर्द्र ग्रीष्म ऋतु, शुष्क शीत ऋतु - ईरान
(d) वर्ष भर शुष्क - चिली

**Ans : (a)** इटली को यूरोप का भारत कहा जाता है। भारत के ऋतुओं की तरह इटली में भी आर्द्रशीत ऋतु व शुष्क ग्रीष्म ऋतु होता है। यूरोप के अन्य देशों की अपेक्षा इटली में कृषि की उपज अधिक है।

**39. संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न में से कौन सा देश जन स्वास्थ्य पर सबसे कम खर्च करता है?**

(a) चीन (b) नेपाल
(c) भारत (d) बांग्लादेश

**Ans : (d)** प्रश्नकाल में संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश जन स्वास्थ्य पर सबसे कम खर्च करता था जबकि वर्तमान में भारत जन स्वास्थ्य पर सबसे कम खर्च करता है। संयुक्त राष्ट्र अथवा यूनाइटेड नेशन का नाम अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट द्वारा प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 ई. को हुई। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों की संख्या 193 तथा 2 परिवेक्षक देश हैं।

**40.** निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है?

(a) रामागुण्डम - उर्वरक
(b) चित्तरंजन - लोकोमोटिव
(c) कोरबा - एल्युमिनियम
(d) पिम्परी - कीटनाशक

**Ans : (d)**

(a) रामागुण्डम → उर्वरक
(b) चितरंजन → लोकोमोटिव
(c) कोरबा → एल्युमिनियम
(d) पिम्परी → हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (औषधि निर्माण)

**41. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनियेः**

| सूची I (नदी) | सूची II (सहायक नदी) |
|---|---|
| A. गंगा | 1. भीमा |
| B. गोदावरी | 2. केन |
| C. कृष्णा | 3. मंजरा |
| D. यमुना | 4. सोन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**Ans : (d)** सही सुमेलित है–

(a) गंगा → सोन
(b) गोदावरी → मंजरा
(c) कृष्णा → भीमा
(d) यमुना → केन

**42. निम्नलिखित राज्यों को उनके राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये। नीचे दिये गये कूट से ही उत्तर चुनियेः**

1. अरुणाचल प्रदेश 2. मिजोरम
3. नागालैण्ड 4. सिक्किम

कूट :

(a) 2, 1, 3, 4 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 1, 2

**Ans : (*)** प्रश्न में दिए गए राज्यों को उनके राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर-

| राज्य | राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई |
|---|---|
| अरूणाचल | 2,537 किमी. |
| नागालैण्ड | 1,548 किमी. |
| मिजोरम | 1423 किमी. |
| सिक्किम | 463 किमी. |

अरूणाचल > नागालैण्ड > मिजोरम > सिक्किम

**43. भारत का कोयले को संचालित करने वाला बारहवाँ प्रमुख पत्तन विकसित हो रहा है**

(a) विशाखापत्तनम के समीप (b) काकीनाडा के समीप
(c) पारादीप के समीप (d) चेन्नई के समीप

Adda247 GET IT ON Google Play

Ans : (d) तमिलनाडु में बंगाल की खाड़ी के तट पर चेन्नई के निकट स्थित 'एन्नौर' भारत का बारहवां बन्दरगाह (पत्तन है) जहाँ से कोयले का संचालन होता है। एन्नौर देश का प्रथम निगमित एवं सैटेलाइट बंदरगाह है जबकि पाराद्वीप बंदरगाह उड़ीसा में, काकीनाडा गुजरात तथा विशाखापत्तनम आन्ध्रप्रदेश में स्थित देश का सबसे गहरा बन्दरगाह है।

**44. मार्जार-रोदन (कैट-क्राई) समष्टि उत्पन्न होता है**

(i) विटामिन-डी की कमी से
(ii) पांचवें गुणसूत्र के विपथन से
(iii) एक्स-किरणों के प्रभावन से

**सही उत्तर को चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए:**

**कूट :**

(a) (i) तथा (ii) (b) केवल (ii)
(c) केवल (i) (d) (ii) तथा (iii)

Ans : (b) मार्जार-रोदन (कैट-क्राई) पांचवे गुणसूत्र के विपथन से उत्पन्न होता है। इस सिंड्रोम की खोज फ्रांस में 1963 में दिवंगत लेजेने की अगुवाई वाली एक टीम ने की थी। इस रोग से पीड़ित बच्चे बिल्ली की तरह रोते हैं। इसे 5P minus सिन्ड्रोम भी कहते हैं। इस रोग के कारण व्यक्ति में बौद्धिक अक्षमता और देरी से विकास, छोटे सिर का आकार, कम जन्म का वजन, कमजोर मांसपेशी है।

**45. सुमेलित कीजिए–**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. मलेरिया | A. क्यूलेक्स |
| 2. कालाजार | B. एनाफेलीस |
| 3. डेंग्यू | C. सैंड फ्लाई |
| 4. इनसफ्लाइटिस | D. चीता मच्छर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

Ans : (c) सही सुमेलित है-

1. मलेरिया → एनाफेलीस
2. कालाजार → सैंडफ्लाई
3. डेंगू → चीता (टाइगर) मच्छर
4. इनसफ्लाइटिस → क्यूलेक्स

**46. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिये -**

**कथन (A)** : स्तनियों में श्वसन के लिए होमोग्लोबिन व होमोसायनिन आवश्यक हैं।

**कारण (R)** : श्वसीय रंजक, शरीर की कोशिकाओं व ऊत्तकों में आक्सीजन पहुंचाने में सहायक होते हैं।

**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

(a) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

Ans. (d) : स्तनियों में श्वसन के लिए होमोग्लोबिन व होमोसायनिन आवश्यक नहीं है, क्योंकि स्तनियों में श्वसन हेतु हीमोसायनिन की आवश्यकता नहीं होती है। श्वसीय रंजक, शरीर की कोशिकाओं व ऊतकों में आक्सीजन पहुँचाने में सहायक होते हैं।

**47. निम्नलिखित में से किसका उपयोग जीवाश्म की आयु निर्धारित करने में होता है?**

(a) फास्फोरस-31 (b) ट्राइटियम
(c) रेडियम (d) कार्बन-14

Ans. (d) : कार्बन-14 विधि का उपयोग जीवाश्म की आयु निर्धारित करने में होता है। इसके अतिरिक्त पोटैशियम आर्गन विधि का उपयोग निर्जीव पदार्थों की आयु को ज्ञात करने हेतु किया जाता है।

**48. धावन मशीन का कार्यकारी सिद्धान्त है**

(a) अपकेन्द्रीकरण (b) अपोहन
(c) उत्क्रम परासरण (d) विसरण

Ans. (a) : धावन मशीन का कार्यकारी सिद्धान्त अपकेन्द्रीकरण है। वृत्तीय गति में अभिकेन्द्रीय बल के अतिरिक्त एक अपकेन्द्रीय बल भी कार्य करता है। यह अभिकेन्द्रीय बल के विपरीत बाहर की तरफ लगता है। दूध से मक्खन निकालना तथा कपड़े धोने की मशीन का कार्यकारी सिद्धान्त अपकेन्द्रीकरण है। गुर्दों के खराब होने पर रक्त शोधन हेतु अपोहन विधि का उपयोग किया जाता है।

**49. निम्नांकित किरणों ,**

**1. अवरक्त**
**2. पराबैंगनी**
**3. गामा**
**4. सूक्ष्मतरंग**

**का घटते हुए तरंगदैर्ध्य के आधार पर क्रम है -**

(a) 4, 1, 2, 3 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 2, 1, 4

Ans. (a)

| तरंग (Wave) | तरंगदैर्ध्य (Wavelength) |
|---|---|
| गामा | $10^{-14}$M से $10^{-10}$M तक |
| पराबैगनी | $10^{-8}$M से $10^{-7}$M तक |
| अवरक्त | $7.8\times10^{-7}$ से $10^{-3}$M तक |
| सूक्ष्म तरंग | $1\times10^{-3}$ से $1\times10^{-1}$M तक |

सूक्ष्म > अवरक्त > पराबैंगनी > गामा

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा नत्रजनीय जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त होता है?**

(a) कवक (b) मॉस
(c) नील हरित शैवाल (d) अनावृतबीजी

Ans. (c) : नील हरित शैवाल का उपयोग नत्रजनीय जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त होता है। यह प्रकाश संश्लेषण से ऊर्जा ग्रहण करके वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का भूमि में स्थिरीकरण करता है। इसे साइनो बैक्टीरिया भी कहा जाता है, जिसका उपयोग धान की फसल में किया जाता है।

Adda247

GET IT ON Google Play

51. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से किजिये :**

| सूची I (पौधा) | सूची II (उपयोग) |
|---|---|
| (a) ब्राह्मी | 1. मधुमेह दूर करने वाला |
| (b) सदाबहार | 2. वातहर |
| (c) पुदीना | 3. कफोत्सारक |
| (d) तुलसी | 4. मस्तिष्क का टानिक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**Ans. (b)**

| सूची-I पौधा | | सूची-II (उपयोग) |
|---|---|---|
| (a) ब्राह्मी | → | मस्तिष्क का टानिक |
| (b) सदाबहार | → | मधुमेह दूर करने वाला |
| (c) पुदीना | → | वातहर (पेट की गैस दूर करना) |
| (d) तुलसी | → | कफोत्सारक |

52. **निम्नांकित में से कौन-सी सूचना प्रौद्योगिकी पारिभाषिकी नहीं है?**

(a) लोगिन (b) मोडेम
(c) पासवर्ड (d) पिनाका

**Ans. (d) :** लोगिन, मोडेम तथा पासवर्ड का सम्बन्ध सूचना प्रौद्योगिकी (कम्प्यूटर) से है जबकि पिनाका एक लघु रूप मिसाइल है। मोडेम एक ऐसी युक्ति होती है जो इंटरनेट की सुविधा प्राप्त करने हेतु लगाई जाती है। इसका कार्य होता है माड्यूलेशन तथा डिमाड्युलेशन। किसी सूचना को प्राप्त करने हेतु लोगिन का प्रयोग किया जाता है। पासवर्ड एक प्रकार से सुरक्षा कोड होता है जो व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार सेट करता है। पिनाका भारत द्वारा विकसित मल्टी रॉकेट लाँचर है।

53. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से किजिये :**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (a) INS शक्ति | 1. पनडुब्बी |
| (b) इन्सैट-1 डी | 2. पायलट विहीन लड़ाकू विमान |
| (c) अग्नि | 3. भूस्थैतिक उपग्रह |
| (d) निशान्त | 4. प्राक्षेपिक मिसाइल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**Ans. (c) :** सुमेलित सूची

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. INS शक्ति | पनडुब्बी |
| B. इन्सैट-1 डी | भूस्थैतिक उपग्रह |
| C. अग्नि | प्राक्षेपिक मिसाइल |
| D. निशान्त | पायलट विहीन लड़ाकू विमान |

54. **निम्नलिखित में से कौन-सा अन्तरिक्ष उड़ान में खाद्य पदार्थ के रूप में प्रयुक्त होता है?**

(a) नास्टॉक (b) क्लोरेला
(c) यूलोथ्रिक्स (d) स्पायरोगायरा

**Ans. (b) :** अन्तरिक्ष उड़ान में अन्तरिक्ष यात्री खाद्य पदार्थ के रूप में क्लोरेला का उपयोग करते हैं। अन्तरिक्ष यात्री अपना भोजन पेस्ट के रूप में निगलते हैं। कोई भी पेय पदार्थ ट्यूब के माध्यम से ग्रहण करते हैं। क्योंकि अन्तरिक्ष में गुरूत्वाकर्षण शक्ति न्यून हो जाती है।

55. **पृथ्वी के तरल क्रोड से भिन्न, चन्द्रमा का क्रोड है**

(a) प्लाज्मा (b) वाष्पाशील गैस
(c) श्यान द्रव (d) ठोस

**Ans. (d) :** पृथ्वी के तरल क्रोड से भिन्न, चन्द्रमा का क्रोड ठोस है। चन्द्रमा पृथ्वी का एक मात्र और सौर प्रणाली का पांचवा सबसे बड़ा उपग्रह है। चन्द्रमा की उत्पत्ति पृथ्वी से मानी जाती है। चन्द्रमा पर 20 जुलाई, 1969 में अपोलो-II मानवयुक्त प्रथम अन्तरिक्षयान उतरा था। चन्द्रमा भूकम्पीय दृष्टि से निष्क्रिय है इसका मैन्टिल ठोस तथा दृढ़ है। चन्द्रमा पर पृथ्वी सदृश वायुमण्डल नहीं है।

56. **क्लोरोफिल एवं हीमोग्लोबिन में उपस्थित धातुयें क्रमशः हैं**

(a) जिंक तथा मैग्नीशियम
(b) मैग्नीशियम तथा आयरन
(c) मैग्नीशियम तथा पोटैशियम
(d) कोबाल्ट तथा आयरन

**Ans. (b) :** क्लोरोफिल एवं हीमोग्लोबिन में उपस्थिति धातुएं मैग्नीशियम तथा आयरन है। क्लोरोफिल प्रकाश में बैंगनी, नीला तथा लाल रंग को ग्रहण करता है। क्लोरोफिल पत्तियों में हरे रंग का वर्णक है, जबकि हीमोग्लोबिन में उपस्थित आयरन रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा का निर्धारक है।

57. **निम्नलिखित में से कौन-सी प्रौद्योगिकी अन्तरण योजना भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (ISRO) ने प्रारम्भ की है?**

**1. रेशा-कांच टेक्नॉलाजी**
**2. हृदय शल्य क्रिया के दौरान रक्त चाप के अनुश्रवण हेतु दाब ट्रान्सड्यूसर**
**3. विद्युत से लगी आग बुझाने के लिए ओल्फेस पाउडर**
**4. कम्प्यूटर हार्डवेयर**

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :

कूट :

(a) मात्र 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3
(c) 1, 3 तथा 4 (d) 2, 3 तथा 4

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans. (a) :** भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (ISRO) का गठन 15 अगस्त, 1969 में प्रसिद्ध अन्तरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई (अन्तरिक्ष कार्यक्रम के जनक) की अध्यक्षता में किया गया। प्रौद्योगिकी अन्तरण योजना के अंतर्गत भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन ने रेशा-कांच टेक्नोलॉजी के अलावा हृदय शल्य क्रिया के दौरान रक्त चाप के अनुश्रवण हेतु दाब ट्रान्सड्यूसर प्रारंभ किया।

**58. असुमेलित जोड़े को पहचान कर इंगित कीजिये :**

(a) इटाई-इटाई रोग — कैडमियम प्रदूषण
(b) मिनीमाटा रोग — पारा प्रदूषण
(c) नॉक-नी रोग — सीसा प्रदूषण
(d) ब्लू (नीला) बेबा रोग — नाइट्रेट प्रदूषण

**Ans. (c) :** नॉक-नी रोग सीसा प्रदूषण के कारण नहीं होता है यह रोग फ्लोराइड के कारण होता है। इटाई-इटाई रोग कैडमियम प्रदूषण के कारण होता है। मिनिमाटा रोग पारा के कारण होता है। ब्लू बेबी सिन्ड्रोम नामक रोग नाइट्रेट प्रदूषण के कारण होता है।

**59. 21 वर्ष से चल रहे गृह युद्ध को समाप्त करने के लिए जिस देश ने एक ऐतिहासिक समझौता विद्रोहियों से किया, वह है**

(a) अंगोला (b) सूडान
(c) तंजानिया (d) जाम्बिया

**Ans. (b) :** वर्ष 1983–2005 तक 21 वर्ष से चल रहे गृह युद्ध को समाप्त करने के लिए सूडान ने एक ऐतिहासिक समझौता 9 जनवरी 2005 को विद्रोहियों से किया। सूडान अफ्रीका महाद्वीप का देश है जिसकी राजधानी खार्तूम है। इस समझौते के पश्चात् सूडान दो भिन्न देशों में बंट गया। एक नया देश दक्षिणी सूडान बना।

**60. निम्नलिखित में से कौन सा देश राष्ट्रमण्डल में फिर से सम्मिलित हुआ है?**

(a) ईरान (b) नेपाल
(c) पाकिस्तान (d) चीन

**Ans. (c) :** राष्ट्रमण्डल उन देशों का संगठन है जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे। इसकी स्थापना लंदन घोषणापत्र के पश्चात् वर्ष 1949 में हुई। राष्ट्रमण्डल का मुख्यालय लन्दन में है। वर्तमान में राष्ट्रमण्डल के सदस्यों की संख्या 53 है। राष्ट्रमण्डल का सर्वाधिक प्रभावशाली अंग राष्ट्रमण्डलीय शासनाध्यक्षों का सम्मेलन है। कुछ दिन राष्ट्रमण्डल से अलग रहने के बाद पाकिस्तान पुनः राष्ट्रमण्डल में शामिल हो गया।

**61. आस्ट्रेलिया ओपन, 2005 (पुरूष एकल) के विजेता थे**

(a) एंडी रोडिक (b) लियेटन हेविट
(c) मराट साफिन (d) रोजर फेडरर

**Ans. (c) :** ऑस्ट्रेलिया ओपेन-2005 में मराट साफिन (रूस) ने लियेटन हेविट (ऑस्ट्रेलिया) को पराजित किया। आस्ट्रेलिया ओपेन 2019 (पुरुष एकल) विजेता नोवाक जोकोविच (सर्बिया) ने राफेल नडाल (स्पेन) को पराजित किया।

**62. निम्नलिखित में से कौन सा खेल एथेन्स ओलम्पिक, 2004 में पहली बार सम्मिलित किया गया था?**

(a) बेसबाल (b) क्रिकेट
(c) पोलो (d) महिला कुश्ती

**Ans. (d) :** 2004 एथेन्स ओलंपिक में पहली बार महिला कुश्ती को शामिल किया गया था। आधुनिक ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ 1896 ई. को फ्रांस के बैरोन पियरे डी. कोबार्टिन के प्रयासों से यूनान के एथेंस शहर में हुआ। ओलंपिक खेल हर चौथे वर्ष आयोजित होता है। इसका मुख्यालय लुसाने (स्विट्जरलैण्ड) में है। अभी तक 31 ओलम्पिक खेल हो चुके है। 32वां ओलम्पिक खेल 2020 में टोक्यों (जापान) में होगा।

**63. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2005 को वर्ष घोषित किया है**

(a) जैव प्रौद्योगिकी का (b) भूषाचार का
(c) भौतिकी का (d) वैज्ञानिक सहयोग का

**Ans. (c) :** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2005 को भौतिकी वर्ष घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 ई. को हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ के संस्थापक सदस्य देशों की संख्या 51 थी। वर्ष 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने आवर्त सारणी के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया। इसी के साथ विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त) को संयुक्त राष्ट्र ने देशीय भाषाओं का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष भी घोषित किया।

**64. क्यात, निम्नलिखित देशों में से किस देश का सिक्का है?**

(a) इजराइल (b) ब्रिटेन
(c) थाईलैण्ड (d) म्यांमार

**Ans. (d) :** क्यात एक मुद्रा है जो कि म्यांमार में प्रचलित है। म्यांमार एशिया महाद्वीप का एक देश है जिसकी राजधानी नाएप्यीडा है।

**65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I (मैग्सेस पुरस्कार 2004) | सूची-II (प्राप्तकर्ता) |
|---|---|
| A. उभरते नेतृत्व के लिए | 1. अब्दुल्ला अबू सईद |
| B. सरकारी सेवा के लिए | 2. एल. रामदास |
| C. पत्रकारिता के लिए | 3. हेडी योरेक |
| D. शांति एवं अन्तर्राष्ट्रीय समझ के लिए | 4. बेजामिन एबेडियानो |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**Ans. (c) :** रैमन मैग्सेस पुरस्कार फिलीपींस की सरकार द्वारा प्रतिवर्ष देश के तीसरे राष्ट्रपति रैमन मैग्सेस की स्मृति में 1958 से प्रदान किए जाते हैं। 2019 में इसके विजेता हैं- रवीश कुमार (भारत), को स्वेविन (म्यांमार), अंखाना नीलापाइजित (थाइलैंड), रेमुन्डों पुंजातो (फिलीपीन्स) और किम–जोंग–की (दक्षिण कोरिया)।

**66. वर्ष 2008 में 29वें ओलम्पिक खेल आयोजित होंगे**

(a) बीजिंग में (b) बर्लिन में
(c) रोम में (d) टोक्यों में

**Ans. (a) :** प्रश्नकाल के समय 29वाँ ओलंपिक खेल का आयोजन बीजिंग (चीन) में किया गया। इसका आयोजन प्रत्येक चार वर्ष के अन्तराल पर होता है। 32वां ओलम्पिक खेल 2020 जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित होगा।

Adda247
GET IT ON Google Play

67. **प्रथम स्वदेशी तकनीक से संकलित टी-90 एस. युद्धक टैंक को नाम दिया गया है**

(a) अर्जुन (b) भीम
(c) भीष्म (d) तरंग

**Ans. (c) :** प्रथम स्वदेशी तकनीक से संकलित टी-90 एस. युद्धक टैंक का नाम भीष्म है। इसका फिटिंग का कार्य जनवरी 2004 में चेन्नई के समीप आवडी टैंक कारखाने में किया गया। यह चार किमी. के दायरे में प्रक्षेपास्त्र दाग सकता है। यह दुश्मन की प्रक्षेपास्त्र से स्वयं को बचाने की क्षमता रखता है तथा जमीन में बिछाई गयी बारूदी सुरंगों से भी अपनी रक्षा करने की क्षमता रखता है। भारत की योजना 2020 तक 1640 टी-90 टैंक निर्माण की है।

68. **किसके द्वारा लिखित कविता संग्रह का शीर्षक है, "एक टुकड़ा धरती, एक टुकड़ा आसमान"**

(a) सुमित्रा नन्दन पन्त (b) जयशंकर प्रसाद
(c) अयोध्या सिंह उपाध्याय (d) विश्वनाथ प्रताप सिंह

**Ans. (d) :** "एक टुकड़ा धरती, एक टुकड़ा आसमान" विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा लिखित कविता संग्रह का शीर्षक है।

69. जीवाश्म नेशनल पार्क **अवस्थित** है

(a) केरल में (b) कर्नाटक में
(c) मध्यप्रदेश में (d) छत्तीसगढ़ में

**Ans. (c) :** जीवाश्म नेशनल पार्क मध्य प्रदेश में स्थित है। इस पार्क का नाम राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान घुघ्वा है जो कि डिंडौरी (मध्य प्रदेश) में स्थित है।

70. **भारत में सबसे बड़ा चीता आरक्षण स्थल** कहाँ है?

(a) कार्बेट (b) सुन्दरबन
(c) नन्दनकानन (d) नागार्जुन

**Ans. (d) :** राजस्थान के जोधपुर निवासी कैलाश सांखला के नेतृत्व में प्रथम बार इन्दिरा गांधी ने प्रोजेक्ट टाइगर (1973) नामक कार्यक्रम को प्रारंभ किया। सांखला को टाइगर मैन ऑफ इण्डिया कहा जाता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा बाघ रिजर्व नागार्जुन सागर श्री सेलम (आन्ध्र प्रदेश) है। देश के 18 राज्यों में बाघ पाये जाते हैं।

71. **अकबर के शासन काल** में **ध्रुपद** गायकों में **सम्मिलित** थे

**1. तानसेन** **2. हरिदास**
**3. सूरदास** **4. विलास खाँ**

**नीचे दिये गये कूट में सही उत्तर का चयन कीजिये :**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1,2 और 3 (d) सभी चारों

**Ans. (c) :** अकबर के शासन काल में नवरत्न उसके राज्य को सुशोभित करते थे। अकबर संगीत को बहुत महत्व देता था। उसके शासन काल में ध्रुपद गायकों में तानसेन, हरिदास, सूरदास, बैजू-बावरा और गोपाल सम्मिलित थे। अकबर ने संगीतज्ञों को राज्याश्रय प्रदान किया था।

72. मोपला विद्रोह **(1921)** हुआ

(a) तेलंगाना में (b) मालाबार में
(c) मराठवाड़ा में (d) विदर्भ में

**Ans. (b) :** 8वीं एवं 9वीं शताब्दी में अरब मूल के कुछ लोग केरल राज्य के मालाबार क्षेत्र में आकर बस गये थे; इन्हें मोपला की संज्ञा प्रदान की गयी। ये लोग मुसलमान कृषक थे। 1921 ई. में मोपलाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। इस विद्रोह का समर्थन गांधी जी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, शौकत अली आदि ने किया था।

73. **सूची-I (लेखक) को सूची-II (पुस्तक) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|
| **A.** राजेन्द्र प्रसाद | 1. नेशन इन मेकिंग |
| **B.** दिलीप मुखर्जी | 2. इन्डिया डिवाइडेड |
| **C.** एस. एन. बनर्जी | 3. माई एक्सपेरिमेन्टस विथ टूथ |
| **D.** महात्मा गाँधी | 4. टैररिस्ट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**Ans. (c) :** भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद की पुस्तक का नाम इण्डिया डिवाइडेड है। दिलीप मुखर्जी के पुस्तक का नाम टैररिस्ट है। एस.एन. बनर्जी के पुस्तक का नाम नेशनल इन मेकिंग है। भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कृति- माई एक्सपेरीमेंट विथ टूथ है।

74. **अकबर के शासनकाल की निम्नलिखित** घटनाओं **को तिथि क्रमानुसार व्यवस्थित करें।**

**1. ज़जिया की समाप्ति**
**2. इबादतखाना का निर्माण**
**3. महजर पर हस्ताक्षर**
**4. दीने इलाही की स्थापना**

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :**

**कूट :**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 3, 4, 1, 2

**Ans. (a) :** अकबर ने अनेक महान काम किए थे जिनका क्रम निम्नवत है। अकबर 1564 ई. में जजिया कर को समाप्त किया, इबादत खाना का निर्माण अकबर ने 1575 ई. में, महजर पर हस्ताक्षर अकबर ने 1579 ई. में और दीन-ए-इलाही धर्म की स्थापना 1581 ई. में किया था।

75. **संस्कृत में 'अष्टाध्यायी' पुस्तक किसने लिखी?**

(a) पतंजलि ने (b) भट्टोजी दीक्षित ने
(c) पाणिनि ने (d) कात्यायन ने

**Ans. (c) :** संस्कृत में अष्टाध्यायी पुस्तक के लेखक महर्षि पाणिनि है। पाणिनि के व्याकरण ग्रन्थ अष्टाध्यायी से मौर्य काल के पूर्व की राजनीतिक, सामाजिक, एवं धार्मिक जीवन पर प्रकाश पड़ता है। अष्टाध्यायी, व्याकरण की प्रथम पुस्तक मानी जाती है।

Adda247

GET IT ON Google Play

## सामान्य हिन्दी

76. 'ससुर' का तत्सम शब्द है–

(a) सस्वर (b) स्वसुर

(c) श्वसुर (d) श्वश्रु

**Ans. (c) :** 'ससुर' शब्द का तत्सम 'श्वसुर' होता है। किसी भाषा के मूल शब्द को 'तत्सम' शब्द कहते हैं। 'तत्सम' का अर्थ ही है-'उसके समान' या ज्यों का त्यों। हिन्दी में अनेक शब्द संस्कृत से सीधे आए हैं और आज भी उसी रूप में प्रयोग किए जा रहे हैं। अतः संस्कृत के ऐसे शब्द जिन्हें हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

77. **निम्नलिखित शब्दों में एक तत्सम शब्द है, उसे चयनित कीजिए।**

(a) कुपुत्र (b) औतार

(c) गुफा (d) घड़ा

**Ans. (a) :** 'कुपुत्र' शब्द तत्सम है; इसका तद्भव 'कपूत' होता है। इसी प्रकार 'औतार' का तत्सम 'अवतार', गुफा का तत्सम गुहा, घड़ा का तत्सम घट, गड्ढा का तत्सम **गर्त**, जलना का तत्सम **ज्वलन**, जोबन का तत्सम **यौवन**, तीखा का तत्सम **तिक्त** तथा तुरंत का तत्सम **त्वरित** होता है।

78. **तद्भव शब्द का चयन कीजिए**

(a) धूलि (b) पवन

(c) वानर (d) बन्दर

**Ans. (d) :** 'बन्दर' तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'वानर' होता है। 'धूलि' शब्द का तद्भव 'धूल', षट् का तद्भव छः, स्थल का तद्भव थल, यमुना का तद्भव जमुना, स्वप्न का तद्भव सपना, सांध्य का तद्भव सांझ, हस्त का तद्भव हाथ तथा हृदय का तद्भव हिय होता है।

79. **'पत्थर' का तत्सम है**

(a) प्रस्तर (b) पाहन

(c) चट्टान (d) कंकरीट

**Ans. (a) :** 'पत्थर' का तत्सम 'प्रस्तर' है। पाहन शब्द का तत्सम पाषाण, पिया का तत्सम प्रिय, पाँच का तत्सम पंच, फागुन का तत्सम फाल्गुन, बहिर का तत्सम बधिर, बैल का तत्सम वृषभ, बाँझ का तत्सम बन्ध्या, कंगन का तत्सम कंकन, कपड़ा का तत्सम कर्पट तथा कुआँ का तत्सम कूप होता है।

80. **'गोबर' का तत्सम है**

(a) गुर्बर (b) गोमय

(c) गोहवर (d) गुब्बर

**Ans. (b) :** 'गोबर' का तत्सम 'गोमय' होता है। इसी प्रकार तिनका का तत्सम तृण, ताँबा का तत्सम ताम्र, पीला का तत्सम पीत, पैर का तत्सम पाद, पापड़ का तत्सम पर्पट, पारा का तत्सम पारद, पूरब का तत्सम पूर्व, नाक का तत्सम नक्र, नींद का तत्सम निद्रा तथा नीम का तत्सम निम्ब होता है।

81. **निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ चिह्नांकित कीजिए– 'नाच न आवे आँगन टेढ़ा'**

(a) नृत्य प्रवीण होगा

(b) मीनमेख निकालना

(c) काम न आने पर दोष खोजना

(d) साधन ठीक न होने के कारण काम बिगड़ना

**Ans. (c) :** 'नाच न आवे आँगन टेढ़ा' मुहावरे का अर्थ है- 'काम न आने पर दोष खोजना।' मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ बातचीत करना या उत्तर देना है। हिन्दी में मुहावरे को 'वाग्धारा' कहते हैं। जब कोई वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ में रूढ़ हो जाता है, तो वह मुहावरा कहलाता है। कुछ लोग 'मुहावरा' को राजमर्रा या 'वाग्धारा' भी कहते हैं।

82. **'अपमानित होना'–अर्थ के अनुकूल सही मुहावरे का विकल्प है**

(a) आँख झुकाना (b) सिर नीचा होना

(c) नाक काटना (d) बात बिगड़ना

**Ans. (b) :** 'सिर नीचा होना' मुहावरे का अर्थ है- 'अपमानित होना'। इसी प्रकार 'ओठ चबाना' मुहावरे का अर्थ 'क्रोध करना', 'आँख भर आना' मुहावरे का अर्थ 'आँसू आना', 'आँखों में खटकना' मुहावरे का अर्थ 'बुरा लगना', 'कान पकड़ना' मुहावरे का अर्थ 'प्रतिज्ञा करना' होता है।

83. **'अत्यंत लज्जित होना' के लिए कौन-सा मुहावरा शुद्ध होगा?**

(a) पानी-पानी होना (b) पानी की लकीर

(c) पानी में आग लगना (d) पानी फेरना

**Ans. (a) :** 'अत्यंत लज्जित होना' के लिए मुहावरा होगा- 'पानी-पानी होना' इसी प्रकार, असंभव कार्य करना के लिए मुहावरा होगा- आकाश से तारे तोड़ना। 'बेइज्जत करना' के मुहावरा होगा- पानी उतारना, मर्यादा की रक्षा करना के लिए मुहावरा होगा- पानी रखना।

84. **'घड़ों पानी पड़ना' का अर्थ है**

(a) जमकर स्नान करना (b) खूब सिंचाई करना

(c) प्रसन्न होना (d) लज्जित होना

**Ans. (d) :** 'घड़ों पानी पड़ना' का अर्थ 'लज्जित होना' है। इसी प्रकार लाले पड़ना मुहावरा का अर्थ है- अप्राप्य या दुर्लभ हो जाना। अन्य मुहावरों के अर्थ निम्नलिखित प्रकार से हैं- रंग उतरना का अर्थ है -फीका पड़ना। रोना-रोना का अर्थ है दुखड़ा सुनाना, हजामत बनाना का अर्थ है ठगना या लूटना, सिक्का जमाना का अर्थ है प्रभुत्व स्थापित करना तथा पगड़ी रखना का अर्थ है मान रखना।

85. **'पौ बारह होना' का अर्थ है**

(a) उपद्रव करना (b) हानि उठाना

(c) हर तरह से लाभ कमाना (d) नौ दो ग्यारह हो जाना

**Ans. (c) :** 'पौ बारह होना' मुहावरे का अर्थ है- 'हर तरह से लाभ कमाना।' 'नौ-दो ग्यारह हो जाना' मुहावरे का अर्थ है 'भाग जाना।' 'नजर पर चढ़ना' मुहावरे का अर्थ है 'पसन्द आ जाना।' बात का धनी मुहावरे का अर्थ है- 'वादे का पक्का।' तथा 'मुट्ठी गरम करना' मुहावरे का अर्थ है- 'घूस देना'।

86. **'घाट-घाट का पानी पीना'–लोकोक्ति का सही अर्थ है**

(a) तीर्थ यात्रा करना (b) बेकार घूमना

(c) अनुभवी होना (d) दर-दर भटकना

GET IT ON Google Play

Ans. (c) : 'घाट-घाट पानी पीना'- लोकोक्ति का सही अर्थ है- 'अनुभवी होना'। 'लोकोक्ति' का अर्थ है 'लोक में प्रचलित उक्ति'। जब कोई पूरा कथन किसी प्रसंग विशेष में उद्धत किया जाता है तो लोकोक्ति कहलाता है। इसी को 'कहावत' कहते हैं।

87. 'चारूचंद्र की चंचल किरणें'– इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) श्लेष (d) अनुप्रास

Ans. (d) : अनुप्रास 'अनु' तथा 'प्रास' शब्दों से मिलकर बना है। 'अनु' शब्द का अर्थ है- 'बार-बार' तथा 'प्रास' शब्द का अर्थ है- 'वर्ण'। स्वरों के विषमता के बावजूद जब व्यंजनों की समानता हो तब, 'अनुप्रास अलंकार' होता है, जैसे- "चारुचंद्र की चंचल किरणें।" यहाँ पर 'च' वर्ण का उच्चारण बार-बार हो रहा है। अतः यह अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है। अथवा इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।

88. 'सूर-सूर तुलसी ससी' पंक्ति में अलंकार है
(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) यमक (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) : 'सूर-सूर तुलसी ससी' पंक्ति में 'यमक' अलंकार है। जहाँ अर्थ की भिन्नता रखने वाले अक्षर समूह जिनमें स्वर और व्यंजन दोनों की समानता हो, बार-बार आते हैं, उसे यमक अलंकार कहते हैं। जैसे–

दरिध साँस न लेई दुःख, सुख साईंहि न भूलि।
दई-दई क्यों करतु है, दई-दई सु कबूलि।।

यहाँ 'दई-दई' का भिन्न अर्थों में दो बार प्रयोग हुआ है पहले 'दई' का अर्थ होता है- 'दैव या भाग्य' तथा दूसरे 'दई' का अर्थ है 'दिया'। अतः यहाँ यमक अलंकार है।

89. निम्नलिखित में कौन सा अलंकार है?
"नीक दीन्ह 'हरि' सुन्दरताई"
(a) श्लेष (b) यमक
(c) उपमा (d) रूपक

Ans. (a) : इस पंक्ति में 'श्लेष' अलंकार है। यहाँ 'हरि' के दो अर्थ हैं- (1) विष्णु (2) बन्दर। जब एक ही शब्द से एक से अधिक अर्थ का बोध हो, तो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

90. "बंदहु गुरु पद पदुम परागा।
सुरुचि सुवास सरस अनुरागा।।" में कौनसा छंद है?
(a) चौपाई (b) दोहा
(c) सोरठा (d) गीतिका

Ans. (a) : प्रश्न में दिए गए छंद में चौपाई है। चौपाई में चार चरण होते हैं। प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। चरण के अन्त में जगण (।ऽ।) और तगण (ऽऽ।) का आना निषेध है। तुक पहले चरण की दूसरे से और तीसरे चरण की चौथे से मिलती है। प्रत्येक चरण के अन्त में यति होती है।

91. 'तीन अवस्था तीनि गुन तेहि कपास ते काढ़ि।
तूला तुरीय संवरि पुनि बाति करै सुगाढ़ि।" में कौन सा छंद है।
(a) बरवै (b) दोहा
(c) छप्पय (d) चौपाई

Ans. (b) : प्रश्नोक्त पंक्ति में 'दोहा' छन्द प्रयुक्त है। दोहा अर्धसम मात्रिक छन्द है। इसके विषम चरणों में 13-13 तथा सम चरणों में 11-11- मात्राएँ होती हैं।

92. मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय।
जा तन की झांई परे, स्याम हरित दुति होय।।
– यह कौनसा छंद है?
(a) साखी (b) दोहा
(c) चौपाई (d) सोरठा

Ans. (b) : दिये गये पंक्ति में 'दोहा' छन्द है। 'दोहा' अर्द्धसम मात्रिक छन्द के अन्तर्गत आता है। इसमें विषम चरणों (पहले तथा तीसरे) में 13 मात्राएँ तथा सम चरणों (दूसरे तथा चौथे) में 11 मात्राएँ होती हैं। विषम चरणों के प्रारम्भ में जगण (।ऽ।) का लोप होता है। यति चरण के अन्त में होती है। सम चरणों के अन्त में लघु होना चाहिए।

93. दोहा का उल्टा छंद है
(a) रोला (b) सोरठा
(c) चौपाई (d) कोई नहीं

Ans. (b) : सोरठा दोहा का ठीक उल्टा होता है अर्थात् दोहे के पहले चरण को दूसरे तथा दूसरे चरण को पहले और तीसरे चरण को चौथे तथा चौथे चरण को तीसरा कर देने से सोरठा बन जाता है। इसमें विषम चरणों (पहले तथा तीसरे) में 11 मात्राएँ तथा सम चरणों (दूसरे तथा चौथे) में 13 मात्राएँ होती हैं। तुक पहले और तीसरे चरण में होती है।

94. 'अपना' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है
(a) अपनाना (b) अपनात्व
(c) अपनत्व (d) अपनीयत्व

Ans. (c) : अपना शब्द का भाववाचक संज्ञा 'अपनत्व' है। जिस संज्ञा शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण या धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं। हर पदार्थ का गुण या धर्म होता है जिसके कारण वह जाना जाता है। जैसे- वीर-वीरता, मनुष्य-मनुष्यत्व, बुढ़ा-बुढ़ापा, गुरु-गुरुत्व।

95. 'आम' शब्द कौन-सी संज्ञा है?
(a) समूहवाचक (b) द्रंव्यवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) जातिवाचक

Ans. (d) : 'आम' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। 'आम' शब्द से आम के सभी प्रकारों, एक ही बार में समझा जा सकता या सभी प्रकार के आमों का बोध हो जाता है। अतः 'आम' शब्द एक जातिवाचक संज्ञा है।

96. 'कालिदास भारत के शेक्सपियर थे'– इस वाक्यांश में 'शेक्सपियर' संज्ञा के किस रूप का विकल्प है?
(a) व्यक्तिवाचक-संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भावचाचक संज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं

Adda247

GET IT ON Google Play

Ans. (b) : जिन संज्ञाओं से एक जाति के अन्तर्गत आने वाले सभी व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों के नामों का बोध होता है, 'जातिवाचक' संज्ञाएँ कहलाती हैं। **जैसे—**गाय, लड़का, नदी, पहाड़, शहर। दिए गए **वाक्य में** 'कालिदास भारत के शेक्सपियर थे' इसमें शेक्सपियर 'जातिवाचक संज्ञा' है। जब कोई व्यक्तिवाचक संज्ञा एक वस्तु/व्यक्ति/स्थान विशेष के गुण की प्रसिद्धि के कारण उस गुणवाले सभी पदार्थों के लिए प्रयुक्त होती है; तब ऐसी अवस्था में वह जातिवाचक संज्ञा बन जाती है। इसी नियम से 'शेक्सपियर' भी यहाँ जातिवाचक संज्ञा की भाँति कार्य कर रहा है।

**97. निम्नलिखित वाक्यों में एक सकर्मक क्रिया का वाक्य है-**

(a) राम किताब पढ़ रहा है (b) राम पाँचवीं में पढ़ रहा है
(c) बच्चे रोज खेलते हैं (d) बच्चे हॉकी खेलते हैं

Ans. (a) : 'राम किताब पढ़ रहा है।' सकर्मक क्रिया का वाक्य है। जिस क्रिया के व्यापार का संचालन तो कर्ता करता है परन्तु फल कर्म पर पड़ता है उसे 'सकर्मक क्रिया' कहते हैं। इस क्रिया को पहचानने की विधि 'क्या' अथवा 'कौन' प्रश्न करने पर उत्तर की प्राप्ति हो जाती है। **जैसे-** 'राम किताब पढ़ रहा है।' इस वाक्य में प्रश्न करने पर 'किताब' उत्तर प्राप्त हो रहा है। अतः यह सकर्मक क्रिया का प्रश्न है।

**98. 'उसने स्नान करके भोजन किया'—इस वाक्यांश में 'करके' शब्द में कौनसी क्रिया का विकल्प है?**

(a) संयुक्त क्रिया (b) द्विकर्मक क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

Ans. (d) : जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में संलग्न हो जाए, तो पहली क्रिया '**पूर्वकालिक क्रिया**' कहलाती है। **जैसे-** 'उसने स्नान करके भोजन किया' इस वाक्य में 'स्नान करना' पूर्वकालिक क्रिया है क्योंकि इससे 'स्नान' की क्रिया की समाप्ति के साथ ही 'भोजन करने' की क्रिया का बोध होता है।

**99. 'सोहन ने अपने आप को धोखा दिया'—इस वाक्यांश में 'अपने आप' शब्द में कौन-सा सर्वनाम है?**

(a) पुरुषवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) निजवाचक

Ans. (d) : 'सोहन अपने आप को धोखा दिया' इस वाक्यांश में 'अपने आप' शब्द निजवाचक सर्वनाम है। जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। इसके अन्तर्गत आप, स्वयं, खुद, स्वतः आदि आते हैं। निजवाचक सर्वनाम का रूप 'आप' है।

**100. 'आप' शब्द में कौन सा सर्वनाम है?**

(a) पुरुषवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) प्रश्नवाचक

Ans. (a) : दिये गये विकल्प के अनुसार 'आप' शब्द में पुरुषवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम का प्रयोग स्त्री एवं पुरुष दोनों के लिए किया जाता है, 'पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाता है। सर्वनाम का अपना कोई लिंग नहीं होता है। इसके लिंग का निर्धारण क्रियापद से ही होता है। पुरुषवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत मैं, तु, आप, यह और वह आते हैं। जैसे- मैं घर जा रहा हूँ। आजकल आप कहाँ रहते हैं?

**101. चार शब्दों के आगे उनके विशेषण शब्द दिये हुए हैं, जिनमें एक विकल्प सही नहीं है, उसे चयनित कीजिए।**

(a) भूमि – भौम (b) मृत्यु – मरत
(c) लाठी – लठैत (d) रस – रसिक

Ans. (b) : 'मृत्यु-मरत' संज्ञा-विशेषण के लिए सही नहीं है। सही शब्द **मृत्यु-मर्त्य** होगा। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जो शब्द विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण और जिसकी विशेषता बताई जाती है उसे विशेष्य कहा जता है। **जैसे-** मोटा लड़का हँस पड़ा। यहाँ 'मोटा' विशेषण तथा 'लड़का' विशेष्य (संज्ञा) है।

**102. विशेषण के चार भेदों के सामने शब्द दिये हुए हैं, जिनमें एक का शब्द सही नहीं है, उसे चयनित कीजिए।**

(a) गुणवाचक विशेषण – सुगंधित
(b) परिमाणवाचक विशेषण – बहुत
(c) संख्यावाचक विशेषण – ढाई
(d) सार्वनामिक विशेषण – कोई

Ans. (b) : 'बहुत' अव्यय पद है जो कि परिमाण या संख्या की अनिश्चितता के लिए प्रयुक्त होता है शेष युग्म परस्पर संगत है। 'ढाई' अपूर्णांक बोधक संख्यावाचक विशेषण है।

**103. 'नीली साड़ी' में कौनसा विशेषण है?**

(a) संख्यावाचक (b) परिमाणवाचक
(c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक

Ans. (c) : 'नीली साड़ी' में **गुणवाचक विशेषण** है। जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण-धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक सर्वनाम कहते हैं। गुणवाचक विशेषण अनेक प्रकार के हो सकते हैं **जैसे-**

**कालबोधक-** नया, पुराना, मौसमी, प्राचीन।
**रंगबोधक-** लाल, पीला, नीला, काला।
**दशा बोधक-** मोटा, पतला, युवा, सूखा।
**गुणबोधक-** अच्छा, भला, बुरा। आकार बोधक- गोल, चौकोर, लम्बा

**104. 'अत्यंत' शब्द में कौन-सा क्रिया विशेषण है?**

(a) परिमाणवाचक (b) स्थानवाचक
(c) कालवाचक (d) रीतिवाचक

Ans. (a) : जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण चार प्रकार के होते हैं-

(a) **स्थानवाचक-** यहाँ, वहाँ, भीतर, बाहर, इधर, उधर, दाएँ, बाएँ।
(b) **कालवाचक-** आज, कल अभी, रातभर, हरबार, प्रतिदिन।
(c) **परिमाणवाचक-** बहुत, खूब, अत्यंत, अति, कम, अधिक।
(d) **रीतिवाचक-** ऐसे, वैसे, जैसे, धीरे, अचानक।

Adda247
GET IT ON Google Play

105. **परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण का वाक्य होगा**

(a) वह बहुत थक गया है
(b) वह अभी-अभी गया है
(c) वह अंदर बैठा है
(d) वह अब भली-भाँति नाच लेता है

**Ans. (a) :** 'वह बहुत थक गया है।' परिमाणवाचक क्रिया विशेषण का वाक्य है। जो अविकारी शब्द किसी क्रिया के परिमाण अथवा निश्चित संख्या का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। जैसे- बहुत, अधिक, सर्वथा, कुछ, थोड़ा, केवल, कितना, उतना आदि।

106. **'कृष्णा धीरे-धीरे चला' वाक्यांश के 'धीरे-धीरे' शब्द में किस क्रिया-विशेषण का रूप है?**

(a) कालवाचक क्रिया-विशेषण
(b) कारणवाचक क्रिया-विशेषण
(c) निश्चय क्रिया-विशेषण
(d) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण

**Ans. (d) :** 'कृष्ण धीरे-धीरे चला' वाक्यांश के 'धीरे-धीरे' शब्द **रीति-वाचक क्रिया विशेषण** का है। जो शब्द किसी क्रिया के करने के तरीके/रीति का बोध कराए, वह रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहलाते हैं; **जैसे-** ऐसे, वैसे, जैसे, मानो, धीरे, अचानक, अवश्य, इसलिए, तक, सा, हाँ, जी यथासम्भव।

107. **नीचे बने विराम-चिन्हों में 'अपूर्ण विराम' चिह्न के विकल्प की पहचान कीजिए।**

(a) (,)
(b) (;)
(c) (:)
(d) (।)

**Ans. (c)** अपूर्ण विराम या उपविराम का संकेत [:] होता है। इसका प्रयोग आगे लिखी जा रही बात की ओर ध्यान आकृष्ट करने में, किसी व्यक्ति, वस्तु आदि का परिचय देने में, पुस्तक या लेख के शीर्षक में जन्म व मृत्यु-तिथि में साक्षात्कथन आदि में किया जाता है। अल्पविराम का संकेत [,] अर्द्धविराम का संकेत [;] तथा पूर्ण विराम का संकेत [।] है।

108. **' < ' विराम चिह्न का नाम है–**

(a) लाघव विराम चिह्न
(b) हंसपद विराम चिह्न
(c) तुल्यतासूचक विराम चिह्न
(d) लोप निर्देशक विराम चिह्न

**Ans. (b) :** ' < ' विराम चिन्ह का नाम हंसपद या त्रुटिबोधक विराम चिह्न है। जब किसी वाक्य अथवा वाक्यांश में कोई शब्द अथवा अक्षर लिखने में छूट जाता है तो छूटे हुए वाक्य के नीचे हंसपद चिह्न का प्रयोग कर छूटे हुए शब्द को ऊपर लिख देते हैं।
**जैसे-**

हमारा
स्वतंत्रता < जन्मसिद्ध अधिकार है।

109. **इस वाक्य में कितने विराम चिह्न लगने चाहिए? अस्त आपने इतना कष्ट किया इतनी लम्बी यात्रा क्योंकि अब स्नान ध्यान भोजनादि करके कुछ विश्राम कर लें–**

(a) तीन
(b) चार
(c) पाँच
(d) छह

**Ans. (d) :** अस्त, आपने इतना कष्ट किया। इतनी लम्बी यात्रा, क्योंकि अब स्नान-ध्यान, भोजनादि करके कुछ विश्राम कर लें। इसमें कुल छः विराम चिह्न प्रयुक्त हुए हैं।

110. **'लहर' के इन पर्यायवाची शब्दों में एक शब्द गलत है-**

(a) वीचि
(b) दुकूल
(c) तरंग
(d) हिलोर

**Ans. (b) :** 'दुकूल' लहर का नहीं बल्कि कपड़ा का पर्यायवाची है। कपड़ा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- परिधान, वस्त्र, वसन, अंबर, चीर पट। 'लहर' के पर्यायवाची हैं- तरंग, हिलोर, लहरी, वीचि, ऊर्मि। 'विष' शब्द का पर्यायवाची है- जहर, गरल, माहुर, कालकूट, हलाहल। वचन का पर्यायवाची है- कथन, वादा, बात, प्रण, उक्ति।

111. **निम्नलिखित में 'इन्द्र' का पर्यायवाची कौनसा शब्द है?**

(a) मधवा
(b) अरविन्द
(c) मनोज
(d) निलय

**Ans. (a) :** 'मधवा' शब्द इन्द्र का पर्यायवाची है। इन्द्र के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- सुरति, शचीपति, शक्र, पुरन्दर, कौशिक, देवराज, मेहाति, सुरेन्द्र, सुरेश, अमरपति, पुरहुत, सहस्राक्ष आदि। 'मनोज' शब्द कामदेव का पर्यायवाची है। निकेतन का पर्यायवाची निलय है। अरविन्द भी 'कमल' का पर्यायवाची है।

112. **इनमें एक शब्द 'पुत्री' का पर्यायवाची नहीं है–**

(a) तनया
(b) सुता
(c) दारा
(d) तनुजा

**Ans. (c) :** 'पुत्री' शब्द का पर्यायवाची है- तनया, आत्मजा, सुता, लड़की बेटी, दुहिता। 'दारा' शब्द पत्नी का पर्यायवाची है। पत्नी शब्द के अन्य पर्यायवाची है- भार्या, सहगामिनी, गृहिणी, वधु, प्राणप्रिय, वल्लभा, वामा, धरनी, प्रिया, तिय, कान्ता, जोरू, औरत, घरवाली, अर्द्धांगिनी, वामांगी आदि।

113. **'विषाद' का विलोम है–**

(a) प्रासाद
(b) अह्लाद
(c) हर्ष
(d) निषाद

**Ans. (c) :** 'विषाद' का विलोम 'हर्ष' होता है। परीक्षा की दृष्टि से कुछ महत्त्वपूर्ण शब्द- विलोम निम्न है- ऐहिक-परलौकिक, करुणा-क्रूरता, गौरव-लाघव, घना-विरल, उत्पत्ति-प्रलय, कनिष्ठ-वरिष्ठ, कृष्ण-श्वेत, गौण-मुख्य, उत्तेजित-शमित तथा कुसंग-सुसंग।

114. **'निर्माण' का विलोम है–**

(a) नाश
(b) ध्वंस
(c) विनाश
(d) उक्त सभी

**Ans. (b) :** 'निर्माण' शब्द का विलोम 'ध्वंस' होता है। इसी प्रकार चंचल का विलोम स्थिर, जंगम का विलोम स्थावर, तिमिर का विलोम प्रकाश, नीरस का विलोम सरस, पौरुष का विलोम स्त्रीत्व, निःसीम का विलोम ससीम तथा निर्वाक् का विलोम सवाक् होता है।

Adda247

GET IT ON Google Play

115. निम्नलिखित में 'राग' का विलोम कौन-सा शब्द है?

(a) आहत (b) उदार

(c) गमन (d) विराग

Ans. (d) : 'राग' शब्द का विलोम 'विराग' होता है। 'उदार' शब्द का विलोम 'अनुदार', गमन का विलोम 'आगमन' खास का विलोम आम, क्रय का विलोम विक्रय, कृतज्ञ का विलोम कृतघ्न, उत्तीर्ण का विलोम अनुत्तीर्ण तथा उग्र का विलोम सौम्य होता है।

116. इनमें 'साधारण' का समानार्थक शब्द है

(a) विशिष्ट (b) सामान्य

(c) विलक्षण (d) सहज

Ans. (b) : साधारण का समानार्थक शब्द सामान्य है। इसी प्रकार अहंकार का समानार्थी अभिमान, असुर का समानार्थी दानव, अर्थ का समानार्थी धन, आनंद का समानार्थी उल्लास, इच्छा का समानार्थी अभिलाषा, कृपा का समानार्थी करुणा तथा कपड़ा का समानार्थी वस्त्र है।

117. 'पर्याप्त' का समानार्थ शब्द है–

(a) यथेष्ट (b) पुष्कल

(c) अत्यधिक (d) पृथुल

Ans. (a) :'पर्याप्त' का समानार्थक शब्द 'यथेष्ट' है। पति का समानार्थी स्वामी, पहाड़ का समानार्थी पर्वत, पवन का समानार्थी वायु, नया का समानार्थी नवीन, नाव का समानार्थी नौका, धरती का समानार्थी पृथ्वी तथा दर्पण का समनार्थी शीशा होता है।

118. इन शब्दों में 'भोजन' का समानार्थक्र शब्द है

(a) असन (b) आसन

(c) अशनि (d) आसन्न

Ans. (a) : 'भोजन' का समानार्थी शब्द 'असन' है। इसी प्रकार स्वर्ग का समानार्थी देवलोक, समुद्र का समानार्थी सागर, सिंह का समानार्थी शेर, सोना का समानार्थी स्वर्ण, शिक्षक का समानार्थी अध्यापक, शरीर का समानार्थी देह तथा वृक्ष का समानार्थी पेड़ है।

119. 'जिस पर आक्रमण किया गया हो'–उसके लिए एक शब्द है–

(a) आक्रमक (b) आक्रांत

(c) आक्रमिक (d) आक्रान्ता

Ans. (b) : 'जिस पर आक्रमण किया गया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'आक्रांत' होता है। इसी प्रकार 'जिस पर आक्रमण न किया गया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनाक्रांत' होता है। 'जो कार्य के रूप में लाया न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है- 'अव्यावहारिक'।

120. मार्ग में किए जाने वाले भोजन को कहते हैं–

(a) पथ्य (b) पाथेय

(c) पंथक (d) पाथोद

Ans. (b) : मार्ग में किए जाने वाले भोजन को 'पाथेय' कहते हैं। पन्द्रह दिन में होने वाले को **पाक्षिक**, जिसे देश से निकाला गया हो 'निर्वासित' कहलाता है। जिसका कोई आकार न हो 'निराकार' कहलाता है। किसी भी पक्ष का समर्थन न करने वाला 'तटस्थ' कहलाता है। पती-पत्नी के जोड़े को 'दम्पती' कहा जाता है।

121. निम्नलिखित वाक्यांश में 'सर्वज्ञ' के लिए कौन सा वाक्यांश सही है?

(a) विदेश में रहने वाला व्यक्ति

(b) सब कुछ जानने वाला

(c) छात्रों के रहने का स्थान

(d) जिसके प्रत्येक अंग का निर्माण बज्र से हुआ हो

Ans. (b) : 'सब कुछ जानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सर्वज्ञ' होता है। 'विदेश में रहने वाला व्यक्ति' के लिए एक शब्द 'विदेशी' है। 'छात्रों के रहने का स्थान' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'छात्रावास' है। 'जो सब जगह व्याप्त हो वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सर्वव्यापी' होता है। 'सब कालों में होने वाला' व्याक्यांश के लिए एक शब्द 'सार्वकालिक' होता है।

122. 'रिटायर्ड' के लिए ठीक हिन्दी शब्द है–

(a) भूतपूर्व (b) पदमुक्त

(c) प्राक्तन (d) विश्रान्त

Ans. (b) : 'रिटायर्ड' के लिए ठीक हिन्दी शब्द 'पदमुक्त' है। 'फार्मर' के लिए ठीक हिन्दी शब्द 'भूतपूर्व' है। इसी प्रकार 'स्कीम' का ठीक हिन्दी शब्द 'योजना', 'डिविजन' का ठीक हिन्दी शब्द 'विभाजन' तथा 'चेयरमैन' का ठीक हिन्दी शब्द 'सभापति' होता है।

123. इनमें एक शब्द का अर्थ है– 'कठोर'–

(a) परुष (b) पौरुष

(c) पुरुष (d) पुरीश

Ans. (a) : 'पुरुष' शब्द का अर्थ कठोर है। 'पौरुष' का अर्थ 'पुंरुष की शक्ति' होता है। कृपाण का अर्थ तलवार, कान्तार का अर्थ जंगल, आरसी का अर्थ शीशा, आहूति का अर्थ बुलाना, कुंजर अर्थ हाथी, चंट का अर्थ चतुर, चंपत का अर्थ गायब तथा चीर का अर्थ वस्त्र होता है।

124. इनमें एक शब्द बौद्ध भिक्षु का अर्थ होता है

(a) श्रवण (b) श्रमण

(c) श्रावण (d) श्रावक

Ans. (b) : 'श्रमण' शब्द बौद्ध भिक्षु का अर्थ देता है। चित्त का अर्थ मन, चारु का अर्थ सुन्दर, क्षीण का अर्थ कमजोर, जरा का अर्थ बुँढ़ापा/थोड़ा, तरी का अर्थ नौका, परिणत का अर्थ रूपान्तरित, परिचारक का अर्थ सेवक, नीर का अर्थ पानी, निमित्त का अर्थ हेतु तथा नियति का अर्थ भाग्य होता है।

125. 'देवर' का तत्सम शब्द है

(a) द्विवर (b) द्वितीय वर

(c) दूभर (d) दुर्बह

Ans. (a) : देवर का तत्सम शब्द 'द्विवर' है। इसी प्रकार किसान का तत्सम कृषक, गाय का तत्सम गो, घड़ी का तत्सम घटी, घिन का तत्सम घृणा, चोर का तत्सम चौर, चूरन का तत्सम चूर्ण, हुलास का तत्सम उल्लास, गेहूँ का तत्सम गोधूम, आलस का तत्सम आलस्य तथा कपूर का तत्सम कर्पूर होता है।